# UNIVERSITY NEWS 25 JUNE 2026

AMRIT VICHAR

## अनानुमोदित कर्मचारियों के आश्रितों को मृतक आश्रित का लाभ नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विश्वविद्यालय प्रशासन ने लिया महत्वपूर्ण फैसला

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय में अनानुमोदित रूप से कार्यरत कर्मचारियों के निधन के बाद उनके आश्रितों को मृतक आश्रित के आधार पर नियुक्ति दिए जाने संबंधी मामलों पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद ने स्पष्ट किया है कि अनानुमोदित कर्मचारियों के आश्रितों को मृतक आश्रित नियुक्ति का लाभ नहीं दिया जा सकता, क्योंकि यह व्यवस्था प्रचलित नियमों एवं विधिक प्रावधानों के अनुरूप नहीं है।

इस संबंध में गठित समिति ने विभिन्न प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। समिति ने संबंधित मामलों से जुड़े सभी अभिलेखों, नियमावलियों, पूर्व में जारी आदेशों, न्यायिक निर्णयों तथा वित्त समिति एवं कार्यपरिषद की संस्तुतियों का गहन अध्ययन किया। समिति की बैठक 19 दिसंबर 2024 को आयोजित हुई, जिसमें विषय पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा स्थापित विधिक सिद्धांतों, राज्य सरकार के प्रचलित शासनादेशों, नियमों एवं विश्वविद्यालय पर लागू उपनियमों के आधार पर निष्कर्ष निकाला गया कि जिन कर्मचारियों के आधार पर वर्तमान आवेदक मृतक आश्रित नियुक्ति का दावा कर रहे हैं, उन कर्मचारियों को स्वयं नियमित अथवा स्थायी सेवा का अधिकार प्राप्त नहीं था। समिति ने अपने अंतिम प्रतिवेदन में कहा कि जब संबंधित मृतक कर्मचारी के पास स्वयं कोई वैधानिक सेवा अधिकार अथवा स्थायी सेवा स्थिति नहीं थी, तो उनके आश्रित उनसे अधिक या बेहतर अधिकार प्राप्त करने का दावा नहीं कर सकते। इसलिए ऐसे मामलों में मृतक आश्रित नियुक्ति प्रदान करना विधिसम्मत नहीं माना जा सकता।

DAINIK JAGRAN

## 'जैविक घड़ी का संतुलन जरूरी'

**लखनऊ** : लवि के प्राणि विज्ञान विभाग ने बुधवार को इंडियन सोसाइटी आफ क्रोनोमेडिसिन के तत्वावधान में विश्व सर्केडियन दिवस 2026 का आयोजन किया। विभागाध्यक्ष प्रो. अमिता कनौजिया ने बताया कि "सभी के लिए सर्केडियन स्वास्थ्य: स्वस्थ बचपन से स्वस्थ वृद्धावस्था तक" थीम पर हुए कार्यक्रम का उद्देश्य मानव शरीर के भीतर 24 घंटे चलने वाली जैविक घड़ी के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना है। वि

AMRIT VICHAR

## विश्व सर्केडियन दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**अमृत विचार, लखनऊ :** लविवि के प्राणि विज्ञान विभाग द्वारा भारतीय क्रोनोमेडिसिन सोसायटी उसके रिदम सेंटर तथा न्यूट्रिशन काउंसिल ऑफ इंडिया के सहयोग से विश्व सर्केडियन दिवस 2026 का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम थी कि सभी के लिए सर्केडियन स्वास्थ्य स्वस्थ बचपन से स्वस्थ वृद्धावस्था तक। विश्व सर्केडियन दिवस की शुरुआत सोसाइटी फॉर रिसर्च ऑन बायोलॉजिकल रिदम्स द्वारा वर्ष 2026 में की गई थी।

SWATANTRA BHARAT

## लखनऊ विश्वविद्यालय की यूजी प्रवेश परीक्षा का कार्यक्रम जारी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षाओं का विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है। विश्वविद्यालय के प्रवेश कार्यालय की ओर से जारी सूचना के अनुसार यूजी प्रवेश परीक्षाएं 6 जुलाई से 12 जुलाई तक विभिन्न पालियों में आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम जारी होने के बाद अभ्यर्थियों ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार पत्रकारिता एवं जनसंचार स्नातक (बीजेएमसी) तथा बी.एल.एड. पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा 6 जुलाई को आयोजित की जाएगी। इसके अलावा अन्य स्नातक पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं भी निर्धारित तिथियों पर संपन्न कराई जाएंगी। परीक्षाओं के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं और परीक्षा केंद्रों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। प्रवेश कार्यालय ने अभ्यर्थियों से परीक्षा कार्यक्रम का ध्यानपूर्वक अध्ययन करने और समय से पहले प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की अपील की है। प्रवेश पत्र में परीक्षा केंद्र, तिथि, समय तथा अन्य आवश्यक निर्देश अंकित होंगे। परीक्षार्थियों को निर्धारित समय से पहले परीक्षा केंद्र पहुंचने की सलाह दी गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि प्रवेश प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से संचालित किया जाएगा। परीक्षा समाप्त होने के बाद उत्तर कुंजी, परिणाम तथा काउंसिलिंग से संबंधित कार्यक्रम भी चरणबद्ध तरीके से जारी किए जाएंगे। इसके आधार पर विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रदेश के प्रमुख उच्च शिक्षण संस्थानों में शामिल है। हर वर्ष बड़ी संख्या में विद्यार्थी यहां विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन करते हैं। ऐसे में प्रवेश परीक्षा का कार्यक्रम जारी होने से अभ्यर्थियों को अपनी तैयारी को अंतिम रूप देने का अवसर मिल गया है।

- 6 से 12 जुलाई तक होगी परीक्षाएं

AMAR UJALA

## जैविक घड़ी के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर

**लखनऊ।** लविवि के प्राणि विज्ञान विभाग ने बुधवार को इंडियन सोसाइटी ऑफ क्रोनोमेडिसिन और न्यूट्रिशन काउंसिल ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में विश्व सर्केडियन दिवस का आयोजन किया। विषय था, सभी के लिए सर्केडियन स्वास्थ्य : स्वस्थ बचपन से स्वस्थ वृद्धावस्था तक। बुधवार को शुरू किया गया यह दिवस मानव शरीर की 24 घंटे की जैविक घड़ी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए है। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राणि विज्ञान विभाग की अध्यक्ष अमिता कनौजिया ने किया। मुख्य वक्ता नरसिंह वर्मा रहे। शिप्रा भारद्वाज के नेतृत्व में सर्केडियन स्वास्थ्य जांच और जागरूकता शिविर लगाया गया। (माई सिटी रिपोर्टर)

HINDUSTAN

## जैविक घड़ी के संतुलन से ही स्वस्थ जीवन संभव

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राणि विज्ञान विभाग में बुधवार को विश्व सर्केडियन दिवस मनाया गया। इंडियन सोसाइटी ऑफ क्रोनोमेडिसिन (रिदम सेंटर और न्यूट्रिशन काउंसिल ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने शरीर की जैविक घड़ी यानी बायोलॉजिकल क्लॉक को स्वस्थ जीवन का आधार बताया। विशेषज्ञों ने बताया कि 24 घंटे चलने वाली शरीर की आंतरिक घड़ी नींद, पाचन, मेटाबॉलिज्म को प्रभावित करती है।